दिन– शनिवार दिनांक– 05 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने कहा – राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एनपीएस के अन्तर्गत उपलब्ध सभी कर लाभ यूपीएस में भी लागू रहेंगे।

02 केन्द्र ने वक्फ सम्पत्तियों की निगरानी और पंजीकरण के लिए नये नियम अधिसूचित किये। सम्पत्तियों की जानकारी केन्द्रीकृत पोर्टल पर उपलब्ध होगी।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारह जुलाई को मोतिहारी में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

04. और, सीतामढ़ी के पुनौराधाम में मां जानकी जन्मस्थली तीर्थ क्षेत्र के विकास और निर्माण के लिए वैश्विक निविदा जारी।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एनपीएस के अन्तर्गत वर्तमान में उपलब्ध सभी कर लाभ नई शुरू की गई एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस में भी लागू रहेंगे। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यूपीएस को कर ढांचे के अन्तर्गत शामिल करना पारदर्शी, सुगम और कर–कुशल विकल्पों के माध्यम से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करने के सरकार के प्रयास में एक और कदम है। मंत्रालय ने कहा कि ये प्रावधान मौजूदा एनपीएस संरचना के साथ समानता सुनिश्चित करते हैं और यूपीएस चुनने वाले कर्मचारियों को पर्याप्त कर राहत और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने वक्फ सम्पत्तियों की निगरानी और पंजीकरण के लिए नये नियम अधिसूचित कर दिये हैं। यह नियम वक्फ सम्पत्तियों के पोर्टल और डेटाबेस, पंजीकरण तथा खातों के रख–रखाव से संबंधित है। इस नियम के तहत एक केन्द्रीकृत पोर्टल तैयार किया गया है। इसमें वक्फ से जुड़ी सभी जानकारियां दर्ज होंगी। केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रभारी संयुक्त सचिव इस पोर्टल और डेटाबेस की निगरानी करेंगे। इसके लिए राज्यों को संयुक्त सचिव स्तर का एक नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा।

———————————————————

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार एक सप्ताह में वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए हज आवेदन स्वीकार करना शुरू कर देगी। नई दिल्ली में हज समीक्षा बैठक के बाद श्री रिजिजू ने सभी आवेदकों से फॉर्म भर कर समय सीमा के भीतर आवेदन जमा करने का अनुरोध किया।

–––बाईट–––

सऊदी अरब का सरकार ने कई टाइमलाइन बहुत स्ट्रिक्टली सेट कर दिया है। हज कमिटी आफ इंडिया को भी मैंने बता दिया है, पैसे डिपाजिट करना होता है। सऊदी अरब सरकार को जो आखिरी टाइमलाइन होता है, उससे पहले सब कुछ पूरा करना जरूरी है। पुरुष और महिला को अलग–अलग अकोमोडेशन के लिए जो रिक्वेस्ट आया है, उसी प्रकार से हम लोग सुविधा के अनुसार करेंगे। 65 साल से जो ज्यादा वाला हमारे हाजीस हैं उनके लिए कंपैनियन मैंडेटरी है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारह जुलाई को पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी आयेंगे। इस दौरान श्री मादी प्रदेश के लिए कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्रीएक जनसभा को संबोधित भी करेंगे। श्री चौधरी ने कल मोतिहारी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में दो हजार छह सौ सत्तर लोगों को घरों की मरम्मती के लिए पचास–पचास हजार रूपये दिये जायेंगे। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से इस योजना पर एक हजार एक सौ पैंतीस लाख रूपये खर्च किये जायेंगे। योजना के तहत सीतामढ़ी में सबसे अधिक तीन सौ तेरह, दरभंगा में दो सौ छप्पन, और नालंदा में दो सौ पचास लाभुकों को सहायता राशि दी जायेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से उनकी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। मुम्बई में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चिराग पासवान उनके पुत्र के समान हैं।

–––बाइट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में पांच लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में एक लाख महिलाओं

के बीच पैड का वितरण कर दिया जाएगा। यह पार्टी द्वारा घोषित माई–बहिन योजना का एक हिस्सा है।

———————————————————————

राजद की राष्ट्रीय परिषद की आज पटना में बैठक होगी। इस बैठक में लालू प्रसाद को औपचारिक तौर पर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने बताया कि कल राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में खुले अधिवेशन के लिए विभिन्न प्रस्ताव और कार्यसूची को अंतिम रूप दिया गया। गौरतलब है लालू प्रसाद लगातार तेरहवीं बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे।

———————————————————————

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारतीय डाक पारंपरिक संदेश वितरण प्रणाली से बहुत आगे निकल गया है और यह अब देश भर में एक लाख चौंसठ हज़ार से अधिक सेवा केन्द्रों के साथ देश का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स नेटवर्क संचालित करता है। आकाशवाणी समाचार के साथ एक पॉडकास्ट में उन्होंने बताया कि डाक विभाग शीघ्र ही डिजीपिन शुरू करेगा, जो एक जियो–कोडेड एड्रेस सिस्टम है। यह देश के सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में भी डाक पहुंचाने को सक्षम होगा।

———बाइट———

आज सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है तो यह डाक विभाग का एक अंग बने और इसलिए पहली बार डाक विभाग में एक चीफ टैक्नोलॉजी ऑफिसर को हमने रखा है। हर डाकिए के हाथ में जो पहले चिट्ठियों का बंडल होता था अब उसे हैंड हेल्ड पोर्टेबल मोबाइल के आधार पर हम लोगों ने लिया है। तो एक सिटीओ हमने पोजीशन की है और हर एक वर्टिकल के साथ एक वाइस सिटीओ हो, क्योंकि उस आईटी 2.0 सॉफ्टवेयर के आधार पर ही इसे एक लॉजिस्टिकल पावर हाउस हम लोग बनाना चाहते हैं।

———————————————————————

पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिलाधिकारी, ने निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत कल समाहरणालय में मैस्कॉट "गौरा और गौरी" का अनावरण किया। क्यूआर कोड से सुसज्जित यह शुभंकर सभी निर्वाचकों को गणना फॉर्म भरने तथा इसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करने का संदेश देता है। निर्वाचक voters.eci.gov.in और ECINet App के माध्यम से गणना फॉर्म भरने के साथ ही दस्तावेज अपलोड भी कर सकते हैं। जिला सम्पर्क केन्द्र–सह–मतदाता हेल्पलाईन– एक नौ पांच शून्य पर किसी भी तरह की सहायता के लिए सम्पर्क किया जा सकता है।

———————————————————————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की तर्ज पर सीतामढ़ी स्थित पुनौराधाम में मां जानकी जन्मस्थली तीर्थ क्षेत्र के विकास और निर्माण के लिए वैश्विक निविदा जारी

कर दी गई है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने ग्यारह जुलाई से निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये है। पर्यटन विभाग के अनुसार अठारह अगस्त को निविदा खोली जाएगी। चयनित निर्माणकर्ता एजेंसी को बयालीस माह में निर्माण कार्य पूरे करने होंगें। गौरतलब है कि पुनौराधाम के विकास के लिए लगभग आठ सौ तिरासी करोड़ रूपये खर्ज किये जायेंगे।

————————————————————————

मुहर्रम पर्व के मद्देनजर प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आज से तीन दिनों का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान बिना लाईसेंस के ताजिया जुलूस निकालने पर रोक रहेगी। इसके अलावा सभी थानों को जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन करने का भी निर्देश दिया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक पंकज दराद ने बताया कि पटना, जहानाबाद, भागलपुर, बांका, पूर्णियां, सीवान, कटिहार, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और अररिया सहित अठारह जिलों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। इन स्थानों पर शांति और सौहार्द बनाये रखने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है।

———बाईट———

————————————————————————

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट की घटना में बिहार के मृतकों की संख्या बढ़ कर सात हो गयी है। वहीं, हादसे में घायल प्रदेश के आठ लोगों का इलाज चल रहा है। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने बताया कि दो अन्य मृतकों की डीएनए जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। मामले की जांच और पीड़ितों की सहायता के लिए विभाग की टीम तेलंगाना में कैम्प कर रही है।

————————————————————————

राजधानी पटना में जल्द ही मेनहोल एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत की जायेगी। यह एम्बुलेंस शहर में क्षतिग्रस्त और खुले मेनहोल की समस्या को स्थाई रूप से दूर करेगी। पटना नगर निगम की ओर से मेनहोल एम्बुलेंस सेवा शुरू की जा रही है। निगम की योजना के अनुसार वाहनों को ठीक कर इन्हें एम्बुलेंस का रूप दिया जायेगा। इस एम्बुलेंस में सड़क मरम्मत करने वाली टीम, प्री फैब मेनहोल के ढक्कन और अन्य सामग्री मौजूद रहेंगी।

————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि मॉनसून की ट्रफ लाईन राज्य से दूर होने के कारण अगले एक सप्ताह तक बारिश की गतिविधियों में कमी की सम्भावना है। इसके बाद

मॉनसून के फिर सक्रिय होने के आसार है। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार आज राज्य के दक्षिणी भागों के जिलों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात की आशंका है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी सम्भावना है।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की इकहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा तेरह सितम्बर को आयोजित होगी। इस परीक्षा में एक हजार दो सौ अंठानवे पदों के लिए चार लाख सत्तर हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं, आयोग सहायक प्रशाखा पदाधिकारी की परीक्षा दस सितम्बर को आयोजित करेगा।

———————————————————————

प्रदेश में मशाल कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तर पर आज से आठ जुलाई तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। खेल विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज के लिए सरकार ने सभी जिलों के जिलाधिकारी और खेल पदाधिकारियों को इस आयोजन के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

सीवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मलमलिया–कौड़िया मुख्य मार्ग के पास दो पक्षों के बीच संघर्ष में तीन लोगों की हत्या कर दी गयी। वहीं, तीन अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में पुलिस प्रशासन की लापरवाही सामने आने के बाद डीआईजी ने थाना अध्यक्ष को निलंबित कर दिया है।

इधर, राजधानी पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामगुलाम चौक के पास देर रात अपराधियों ने व्यवसायी गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————

अब जिलों से प्राप्त अन्य समाचार....

रोहतास जिले में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने अनुशासनहीनता कर रील्स बनाने के मामले में एक एसआई समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

शेखपुरा जिले के अरियरी प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय सोहदी में मध्यान्ह भोजन खाने के बाद पेट दर्द की शिकायत पर बीस बच्चों को शेखपुरा और नवादा के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी बीमार बच्चों की हालत खतरे से बाहर है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की विशेष खबर है– राज्य में दो लाख पदों पर शीघ्र होगी बहाली।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– जमीन से जुड़े कैथी लिपि के दस्तावेज का देवनागरी में किया जायेगा अनुवाद।

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण से जुड़ी खबर को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– आधार और पैन मान्य नहीं। विपक्ष को दो करोड़ वोटरों के नाम कटने की आशंका।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने कहा – राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एनपीएस के अन्तर्गत उपलब्ध सभी कर लाभ यूपीएस में भी लागू रहेंगे।

02 केन्द्र ने वक्फ सम्पत्तियों की निगरानी और पंजीकरण के लिए नये नियम अधिसूचित किये। सम्पत्तियों की जानकारी केन्द्रीकृत पोर्टल पर उपलब्ध होगी।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारह जुलाई को मोतिहारी में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

04. और, सीतामढ़ी के पुनौराधाम में मां जानकी जन्मस्थली तीर्थ क्षेत्र के विकास और निर्माण के लिए वैश्विक निविदा जारी।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।